भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2527

जिसका उत्तर शुक्रवार, 13 फरवरी, 2026/24 माघ, 1947 (शक) को दिया जाना है।

फसलों के लिए रासायनिक उर्वरक

2527. श्री बृजेन्द्र सिंह ओलाः

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में फसलों के लिए आवश्यक रासायनिक उर्वरकों की मांग लगातार बढ़ रही है और यदि हां, तो विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान अब तक यूरिया, डीएपी और अन्य उर्वरकों का उर्वरक-वार और वर्ष-वार कुल घरेलू उत्पादन कितना है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान कुल मांग की तुलना में विदेश से आयातित उक्त उर्वरकों की उर्वरक-वार, देश-वार और वर्ष-वार मात्रा कितनी है; और

(ग) क्या आयात पर अत्यधिक निर्भरता उर्वरकों की उपलब्धता, समय पर आपूर्ति और राजसहायता के बोझ को प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर रही है और यदि हां, तो सरकार द्वारा वर्तमान फसल सीजन के दौरान घरेलू उत्पादन बढ़ाने, आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने और किसानों को समय पर पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए क्या ठोस कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क): पिछले पांच वर्षों अर्थात 2020-21, 2021-22, 2022-23, 2023-24, 2024-25 और वर्तमान वर्ष 2025-26 (08.02.2026 तक) के दौरान देश भर में उर्वरकों अर्थात यूरिया, डीएपी, एमओपी और एनपीकेएस की समग्र मांग, आवश्यकता और बिक्री **अनुलग्नक-क** में दी गई है।

इसके अलावा, यूरिया, डीएपी और अन्य उर्वरकों के घरेलू उत्पादन का विवरण निम्नानुसार है:

उत्पादन (आंकड़े एलएमटी में)				
वर्ष	**यूरिया**	**एनपीकेएस**	**डीएपी**	**एसएसपी**
2020-21	246.05	100.54	37.74	49.35
2021-22	250.72	89.67	42.22	53.34
2022-23	284.94	100.40	43.47	56.44
2023-24	314.09	101.85	42.93	44.44
2024-25	306.67	121.05	37.69	52.44
2025-26 (जनवरी, 2026 तक)	251.26	111.22	33.71	48.49

स्रोत: dtfert.nic.in (एनपीकेएस में ए/एस और कॉम्प्लेक्स शामिल हैं)